# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in    Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 43 / 34 /MSU/2024–25    दिनांक : 06-4-24

सेवा में,

01. प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

02. समन्वयक शैक्षणिक
विश्वविद्यालय परिसर

विषयः इंडिया स्पेस वीक द्वारा ऑनलाइन इंटर्नशिप कार्यक्रम की घोषणा।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक सम्बद्धता नियामक प्राधिकारी, इंडिया स्पेस वीक (भारत अंतरिक्ष सप्ताह) बी–ए / 14 बी, जनकपुरी, नई दिल्ली के पत्र संख्या–आई0एस0डब्लू0 / आई0एन0डी0 / 389 / 2024, दिनांक : 11 मार्च, 2024 का संदर्भ करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि इंडिया स्पेस वीक द्वारा ऑनलाइन इंटर्नशिप कार्यक्रम 2 माह से 6 माह किया जा रहा है। कॉलेज, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय के छात्र / छात्रा इंटर्न हेतु इच्छुक है वे वेबसाइट www.internship.indiaspaceweek.org पर ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते है और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.indiaspaceweek.ac.in/ www.indiaspaceweek.org पर विजिट करे व किसी अन्य जानकारी के लिए दूरभाष नम्बर 011–35809475 पर संपर्क कर सकते है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि संलग्न पत्र में उल्लिखित दिशा–निर्देश के क्रम में महाविद्यालय / विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् इच्छुक छात्र–छात्राओं को इंटर्न हेतु वेबसाइट www.internship.indiaspaceweek.org पर ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय,

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. सम्बद्धता नियामक प्राधिकारी, इंडिया स्पेश वीक (भारत अंतरिक्ष सप्ताह) बी–ए / 14 बी, जनकपुरी, नई दिल्ली
02. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

कुलसचिव

भारत अंतरिक्ष सप्ताह
बी ए / 14 बी जनकपुरी,
नई दिल्ली–110058, भारत
दूरभाष: 011–35809475
ई–मेल: info@indiaspaceweek.org
वेबसाइट: www.indiaspaceweek.org

India Space Week
BA / 14 B Janakpuri,
New Delhi - 110058, India
Telephone: 011-35809475
E-mail: info@indiaspaceweek.org
Website: www.indiaspaceweek.org

पत्रांक: आई०एस०डब्लू० / आई०एन०डी० / 389 / 2024 दिनांक: 11 मार्च–2024

प्रेषक,
संबद्धता नियामक प्राधिकारी,
इंडिया स्पेस वीक,
नई दिल्ली।

सेवा में
कुलपति, रजिस्ट्रार, प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त केंद्रीय विश्वविद्यालय, राज्य विश्वविद्यालय, मानित विश्वविद्यालय,
राज्य निजी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, कॉलेज, संस्थान,
समस्त राज्य भारत।

विषय: इंडिया स्पेस वीक द्वारा ऑनलाइन इंटर्नशिप कार्यक्रम की घोषणा।

महोदय ,

उपयुक्त विषयक अवगत कराना है कि इंडिया स्पेस वीक द्वारा ऑनलाइन इंटर्नशिप कार्यक्रम 2 माह से 6 माह तक किया जा रहा है।

उक्त संबंध में अवगत कराना है कि कॉलेजों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों के छात्र / छात्रा इंटर्न हेतु इच्छुक है तो वे वेबसाइट www.internship.indiaspaceweek.org पर ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते है और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.indiaspaceweek.ac.in / www.indiaspaceweek.org पर विजिट करें व किसी अन्य जानकारी के लिए दूरभाष नंबर : 011–35809475 पर संपर्क करें।

**इंटर्नशिप के बारे में**
इंडिया स्पेस वीक द्वारा छात्रों की अंतरिक्ष विज्ञान में अभिरुचि जागृत करने एवं भारत के आगामी अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए प्रतिभावान अंतरिक्ष शिक्षक व अंतरिक्ष वैज्ञानिक तैयार करने के उद्देश्य से विशेषज्ञतापूर्ण पाइथन एवं स्पेस साइंस का इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। जिससे यह इंटर्न पाइथन एवं स्पेस साइंस का ज्ञान देने में सक्षम हो सकें।

**इंटर्नशिप का उद्देश्य**
इस इंटर्नशिप योजना के पीछे का उद्देश्य छात्रों को पाइथन एवं स्पेस साइंस को समझने का मौका देना है।

इंटर्नशिप का नाम: पाइथन एवं स्पेस साइंस।

इंटर्नशिप का माध्यम: ऑनलाइन मोड।

पात्रता:
किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से विज्ञान और गणित विषयों के साथ इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

या

भारत अंतरिक्ष सप्ताह
बी ए/14 बी जनकपुरी,
नई दिल्ली—110058, भारत
दूरभाष: 011—35809475
ई—मेल: info@indiaspaceweek.org
वेबसाइट: www.indiaspaceweek.org

India Space Week
BA / 14 B Janakpuri,
New Delhi - 110058, India
Telephone: 011-35809475
E-mail: info@indiaspaceweek.org
Website: www.indiaspaceweek.org

आवेदक ग्रेजुएशन/पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे हैं निम्नलिखित डोमेन में, आवेदन करने के पात्र हैं:—

I) बैचलर इन कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए)
II) बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बीटेक)
III) बैचलर ऑफ़ आर्ट्स (बीए)
IV) बैचलर ऑफ़ कॉमर्स (बीकॉम)
V) इलेक्ट्रॉनिक्स या इलेक्ट्रिकल्स या कंप्यूटर साइंस या मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पॉलिटेक्निक

नोट:— अन्य डोमेन के उम्मीदवार भी इस इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं।
(अन्य डोमेन: बीएड, डीएलएड, जेबीटी, एनटीटी, मेडिकल स्ट्रीम आदि)

आवेदन शुल्क
इंटर्नशिप प्रोग्राम का आवेदन शुल्क 500 रुपए निर्धारित किया गया है।

इंटर्नशिप परीक्षा पैटर्न

| क्र.सं. | विषय | प्रश्न | मार्क्स |
|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य ज्ञान | 20 | 20 |
| 2 | सामान्य कंप्यूटिंग | 20 | 20 |
| 3 | गणित | 20 | 20 |
| 4 | अंग्रेजी/हिन्दी | 20 | 20 |
| 5 | वज्ञान (भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान) | 20 | 20 |

नोट: परीक्षा पैटर्न कक्षा 10वीं के पाठ्यक्रम पर आधारित होगा।

चयन प्रक्रिया
लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी।

इंटर्नशिप की अवधि
इंटर्नशिप की अवधि न्यूनतम दो माह और अधिकतम छह माह होगी। इंटर्नशिप पूरी करने के बाद, छात्रों को अनुभव प्रमाणपत्र से सम्मानित किया जाएगा। जो इंटर्नशिप की अपेक्षित अवधि संतोषजनक ढंग से पूरी नहीं करने पर कोई प्रमाणपत्र या वजीफा नहीं दिया जाएगा।

स्टाइपेंड/वजीफा: प्रशिक्षुओं को प्रति माह 10000/— (दस हजार) रुपये का स्टाइपेंड/वजीफा दिया जाएगा।

कुल इंटर्न सीटों की संख्या —245

जॉब सेलेक्शन
इंटर्नशिप कम्पलीट होने के बाद सर्वश्रेष्ठ 10 इंटर्न को इंडिया स्पेस वीक में जॉब पर रखा जाएगा।

भारत अंतरिक्ष सप्ताह
बी ए/14 बी जनकपुरी,
नई दिल्ली–110058, भारत
दूरभाष: 011–35809475
ई–मेल: info@indiaspaceweek.org
वेबसाइट: www.indiaspaceweek.org

India Space Week
BA / 14 B Janakpuri,
New Delhi -110058, India
Telephone: 011-35809475
E-mail: info@indiaspaceweek.org
Website: www.indiaspaceweek.org

आवेदन का माध्यम

1) इंटर्नशिप प्रोग्राम चयन हेतु आवेदन पत्र भरे जाने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://www.indiaspaceweek.org व https://www.indiaspaceweek.ac.in पर उपलब्ध है

2) आवेदन पत्र ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकृत किया जाएगा

3) आवेदन पंजीकरण लिंक: https://internship.indiaspaceweek.org

| | |
|---|---|
| 1. घोषणा की तारीख: | 11 मार्च, 2024 |
| 2. आवेदन की प्रारंभ तिथि: | 02 अप्रैल, 2024 |
| 3. आवेदन की अंतिम तिथि: | 30 अप्रैल,2024 |
| 4. आवेदन शुल्क की अंतिम तिथि: | 30 अप्रैल,2024 |
| 5. लिखित परीक्षा की तिथि: | 09 जून, 2024 |
| 6. लिखित परीक्षा परिणाम तिथि: | 16 जून, 2024 |
| 7. इंटर्नशिप की प्रारंभ तिथि: | 20 जून, 2024 |

भवदीय

संबद्धता नियामक प्राधिकारी आई० एस० डब्ल्यू० कार्यालय
डायरी संख्या / Diary No. 390
दिनांक / Date 11-03-2024
हस्ताक्षर / Signature
Affiliation Regulatory Authority, ISW

संबद्धता नियामक प्राधिकारी
इंडिया स्पेस वीक
नई दिल्ली

NASA EgSA JAXA इसरो esa UN-GGIM